हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024



# दिवाली पार्टी मनाने काटे रेलवे के केबल, सभी सिग्नल फेल, दो युवक गिरफ्तार

## देर रात कर रहे थे चोरी, सिग्नल फेल होने से रेलवे में मचा हड़कंप, 36 मीटर केबल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवाली त्यौहार पर पार्टी मनाने के लिए शहर के दो युवकों ने रेलवे के सिग्नल का केबल की चोरी कर ली। दोनों ही आरोपियों द्वारा केबल काटे जाने के कारण पश्चिमी यार्ड के सभी सिग्नल फेल हो गए थे। आनन-फानन में जब टीम मौके पर पहुंची, तब उन्हें केबल चोरी होने की सूचना मिली। जिसके बाद टीम ने खोजबीन की और चोरी हुए केबल के साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

रेलवे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 अक्टूबर की देर रात करीबन 2.46 बजे मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष नागपुर से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पश्चिमी यार्ड में सिग्नल फेल होने की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर दीपचंद आर्य के दिशा-निर्देशन में रेल सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव प्रभारी निरीक्षक तरुणा साहू उप निरीक्षक के प्रसाद आरक्षक राहुल घाहरे आरक्षक प्रमोद यादव आरक्षक राजेंद्र रायकवाड़ के साथ घटनास्थल पर पहुंची, जहां सिग्नल विभाग के एसएसई हीरालाल उनके अधीनस्थों के साथ मौजूद मिले। जिनके साथ मिलकर मौका मुआयना करने पर राजनांदगांव पश्चिमी यार्ड के सभी सिग्नल फेल पाए गए एवं सिग्नल की चार नग 30 कोर कुल 36 मीटर केबल काटकर चोरी होना पाया गया। उक्त दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर छ.ग. के समक्ष उचित न्यायिक कार्यवाही हेतु पेश किया जहां जेल वारंट मिलने पर उक्त दोनों आरोपियों को जेल दाखिल किया गया।

### झाड़ियों में छिपे थे आरोपी

चोरी की जानकारी मिलने के बाद टीम ने आसपास खोजबीन शुरू की। इस दौरान घटनास्थल से आगे बीएनसी मिल लाईन तरफ झाडियों में जांच करने पर दो व्यक्ति आरपीएफ की टीम को देखकर अचानक भागते पाए गए, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना नाम भक्त राज ढीमर पिता ईश्वरी परिषद ढीमर 24 वर्ष साकिन रामनगर चिखली तथा भागवत नेताम पिता शेरसिंह नेताम 20 वर्ष साकिन दिग्विजय कॉलेज के पास थाना बसंतपुर बताया।



### केबल काटने की मशीन जब्त

बताया गया कि दोनों ही आरोपी दोस्त हैं। अपने दीपावली के खर्च और पार्टी करने के लिए रात्रि में रेलवे की केबल काटकर झाडियों में लाकर जलाने की योजना बना रहे थे। उनके पास नजदीक झाडियों में 4 नग सिग्नल केबल मिली। इसके साथ ही उक्त केबल को काटने में उपयोग की गई हैक्सा ब्लेड भी बरामद किया गया। 36 मीटर केबल का वायर जब्त किया गया और धारा- 3(अ) रेलवे अवैध कब्जा अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध पाकर दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध अपराध क्र. 04/2024, धारा- 3(अ) रेलवे अवैध कब्जा अधिनियम कायम कर विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## बाजार में दिखी रौनक, शहर सहित गांव से पहुंचे बड़ी संख्या में लोग

# जगमगाएं दीप, धनतेरस पर दमका बाजार सोने-चांदी सहित टीवी और फ्रीज की बिक्री


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धनतेरस के अवसर पर मंगलवार को लोगों ने घरों में साज-सजावट कर शाम को कतारबद्ध दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस मौके पर घर-परिवार के लिए मंगल कामनाएं की गई। धनतेरस के साथ ही दीपावली पंच पर्व का आगाज हो चुका है।

कार्तिक मास के साथ ही लगातार पर्वों की श्रृंखला बनी हुई है। इस मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 31 मिनट से धनतेरस पर्व प्रारंभ हुआ, जो कल 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर समाप्त होगा। जिसके चलते बड़ी संख्या में लोगों ने आज धनतेरस पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया।

**विधि-विधान से पूजा**

शाम होते ही लोगों ने घर, दुकान व कार्यालय में दीप मालाए सजाई। भगवान धनवंतरी के साथ धन की माता लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की विधि-विधान से सपरिवार पूजा-अर्चना कर घर में कुशल-मंगल की कामना की। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। किसानों ने अपने खेत-खलिहानों में भी दीप प्रज्वलित कर मंगल कामना की।







### बाजार में जमकर खरीदी

इधर शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में लोग पर्व संबंधी सामग्रियों की जमकर खरीदी करने में विगत 15 दिनों से जुटे हुए हैं। कपड़े, ज्वेलरी, इलेक्ट्रानिक आईटम, बर्तन, साज-सजावट की सामग्री के साथ ही पूजा के सामान, फटाकों इत्यादी की जमकर खरीदी की जा रही है। लिहाजा बाजार में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति बन रही है। शहर के जयस्तंभ चौक से लेकर जूनीहटरी, गुडाखू लाइन, सिनेमा लाइन, गोलबाजार सहित अन्य क्षेत्रों में लोगों की चहल-पहल बनी हुई है। जिससे यातायात का दबाव बना हुआ है।

### गिफ्ट आइटमों की मांग

बाजार में मिठाई, गिफ्ट आईटमों की मांग भी बढ़ी हुई है। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी दिनों में भी बाजार में सुबह से लेकर देर शाम तक चहल-पहल बनी रहेगी। बहरहाल पर्व से पूर्व बाजार में रौनक बनी हुई है। लोग जमकर खरीदी के लिए जुटे हुए हैं।

**लगातार पर्वों की श्रृंखला** : धनतेरस के साथ ही दीपावली पंच पर्व की शुरूआत हो गई है। 30 अक्टूबर को नरक चौदस, 31 अक्टूबर को दीपावली, 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा, 3 नवंबर को भाई दूज पर्व है। लिहजा दीपावली पंच पर्व के दौरान अंचल में हर्षोल्लास और उत्साह का माहौल बना रहेगा। पर्व को मनाने के लिए लोगों ने घर-आंगन की लिपाई-पुताई कर साज-सजावट की है। वहीं शाम होते ही घर-आंगन दीपों से जगमगाने लगे हैं।

# रबी सीजन में धान की फसल लेने से मनाही, किसान नाराज, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रबी सीजन में धान की फसल लेने से मनाही, बकाया किस्त की राशि, 3270 में धान खरीदी करने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला किसान संघ द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया और कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने ज्ञापन सौंपा है।



तेजी से गिरते जल स्तर को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गांव में मुनादी कराकर किसानों से ग्रीष्मकालीन धान की फसल नहीं लेने कहा जा रहा है। जिससे नाराज किसानों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन करते आक्रोश जताया है। वहीं ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात रखी है।

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा कि किसानों को धान की फसल लेने से रोकना अन्यायपूर्ण है। किसानों ने कहा कि हम इस राय से सहमत नहीं है। प्रशासन को इस मामले में उचित समाधान निकालना चाहिए।

**जलस्तर गिरने के कई कारण**

अपने ज्ञापन में किसान संघ द्वारा कहा गया है कि शासन-प्रशासन द्वारा तालाबों को संरक्षित नहीं रखा जा रहा है। राजनांदगांव शहर में ही कई तालाब पाट दिए गए हैं। रानीसागर का आकार छोटा हो रहा है। सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाबों को पाटा जा रहा है। वहीं कई शासकीय विभागों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान में भी रैनवाटर हार्वेस्टिंग नहीं है और जल संकट का कारण सिर्फ धान की फसल को बताया जा रहा है।

**प्रति क्विंटल 3270 रुपए में धान खरीदी की मांग** : अपने प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कांग्रेस शासनकाल का बकाया, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि दिए जाने और 3270 रुपए प्रति क्विंटल के दर से धान खरीदी करने की मांग की है। वहीं एक नवंबर के बताय 14 नवंबर से धान खरीदी पर भी नाराजगी व्यक्त की है।

### सिर्फ किसानों की वजह से जल संकट नहीं

जिला किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम ने कहा कि गर्मी में धान की फसल लेने से प्रशासन द्वारा किसानों को रोका जा रहा है। जिसको लेकर सभी किसान अपना पक्ष रखने आए हैं। उन्होंने कहा कि जल संकट का हवाला देकर किसानों से ग्रीष्मकालीन मौसम में धान की फसल नहीं लेने कहा जा रहा है। एकाएक फसल लेने से रोकने पर किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जल संकट सिर्फ किसानों की वजह से नहीं है, उद्योगों में भी बड़े पैमाने पर पानी खर्च होता है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां 1000 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश होती है, तब भी जल संकट है तो इसके कारणों को तलाशा जाना चाहिए।

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# गोली मारकर हत्या आरोपियों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के बख्तावर चाल में युवक की गोली मारकर हत्या कर मोपेड से शव को ले जाकर मोहारा नदी में फेंक दिया गया था। हत्या के मामले में माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव द्वारा 2 आरोपियों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 सितंबर 2022 को मुखबीर व मोहारा के ग्रामीणों से सूचना मिली कि एक अज्ञात युवक करीबन 20-22 वर्ष का शव मोहारा शिवनाथ नदी में पड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते तत्कालीन थाना प्रभारी सीआर चंद्रा थाना बसंतपुर पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारियों को उक्त संबंध में जानकारी दी।

### आजीवन सश्रम कारावास व अर्थदंड

मामले की सुनवाई में माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव द्वारा रमेश उर्फ पिंटू खपट्टा पिता धनीराम साहू निवासी रेलवे कुंआ के पास तुलसीपुर बख्तावर चाल राजनांदगांव एवं जावेद खान पिता स्व. महबूब खान निवासी रामनगर मोतीपुर तालाब के नीचे राजनांदगांव को धारा 302 भादंवि के अपराध में आजीवन सश्रम कारावास और 5000-5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है एवं धारा 201 भादंवि के अपराध में 03-03 वर्ष के लिए सश्रम कारावास और 3000-3000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। हत्या के मामले में आरोपियों को सजा दिलाने में राजनांदगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली।


### सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों का मिला था सुराग

मामले की गंभीरता को देखते तत्कालीन पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन में थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में थाना बसंतपुर पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर मामले की पतासाजी एवं आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए, जिस पर मर्ग कायम करने के बाद थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 666/2022 धारा 302, 201, 34 भादंवि पंजीबद्ध किया गया। बाद में विवेचना के दौरान 120-बी भादंवि व 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ी गई थी। विवेचना के दौरान शहर के 100 से भी अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जिसके माध्यम से मृतक आदित्य सौदागर उर्फ गोविंदा के शव को 2 आरोपियों द्वारा स्कूटी में अपने बीच बैठाकर ले जाते दिखे। उसके बाद आरोपियों की पहचान कर एक नाबालिग विधि से संघर्षरत बालक सहित 4 आरोपियों को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

# वाहनों के आवागमन से मैदान में आई दरारें, प्रशासन बना मूकदर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सालभर पहले ही 32 लाख रुपए की लागत से शहर के बीच स्थित म्युनिसिपल स्कूल मैदान में प्रशासन द्वारा घास लगाई गई थी। सालभर में ही 32 लाख रुपए बर्बाद हो गए हैं। प्रशासन की लापरवाही और अनदेखी का असर है कि जिस मैदान को खिलाड़ियों के लिए तैयार किया गया था, वहां पर दोपहिया के साथ ही चारपहिया वाहन धड़ल्ले से घूम रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि प्रशासन से शिकायत बाद भी इसको लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्लेखनीय है कि मैदानों की कमी होने के कारण शहर के बीच स्थित म्युनिसिपल स्कूल मैदान में ही सभी तरह के आयोजन की अनुमति प्रशासन देता आया है। इस बार भी खिलाड़ियों के विरोध के बावजूद फटाका बाजार को म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगा दिया गया है। फटाका बाजार लगने के बाद यह मांग की गई थी कि दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को मैदान में प्रवेश से रोका जाए, लेकिन प्रशासन यह भी नहीं कर पाया। मनमानी का ऐसा आलम है कि बेधड़क दोपहिया और चारपहिया वाहन मैदान में आ-जा रहे हैं। पार्किंग के लिए भी मैदान के चारो ओर पर्याप्त जगह है, लेकिन प्रशासन ने उस ओर ध्यान ही नहीं दिया। जिसके चलते प्रशासन के खिलाफ खिलाड़ियों में नाराजगी देखने को मिल रही है।





### उड़ने लगी धूल, दरारें भी बढ़ी

म्युनिसिपल स्कूल मैदान में प्रशासन ने लाखों रुपए खर्च कर घास लगवाई थी। हाल ही में मानसून सीजन के चलते घास की साईज भी बढ़ गई थी। खिलाड़ियों को उम्मीद थी कि अब उन्हें खेलने के लिए बेहतर मैदान मिलेगा, लेकिन पहले दशहरा फिर फटाका बाजार लगने एवं वाहनों के लगातार आने-जाने से मैदान की दुर्गति हो गई है। हालत यह है कि मैदान में जगह-जगह धूल उड़ने लगी है। वहीं दरारों की साईज भी बढ़ती जा रही है।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

समदा
NABH मान्यता प्राप्त
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
उपलब्ध सुविधाए

डॉ. जय टांक
BDS, MDS
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
- मुँह के छाले एवं कैंसर
- जबड़े के फेक्चर का उपचार ।
- मुँहके कम खुलने का इलाज ।
- जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी ।
- दांतों के इम्पलान्ट्
- कटे फटे होंट एवं तालु
- चेहरे एवं घावों का उपचार
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
मिलने का समय - सुबह 12 से शाम 2 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 07744356654

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHCPEDICS),
FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग

4 रात व 5 दिन
Ex जम्मू
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 23 जनवरी से 27 जनवरी 2025
20 फरवरी से 24 फरवरी 2025, 13 मार्च से 17 मार्च 2025
10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411




## खबर संक्षेप



### अजोला का प्रदर्शन

**धामनसरा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने गत दिनों ग्राम में अजोला उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन किया। केन्द्र की अधिष्ठाता डॉ. जयालक्ष्मी गाँगुली के मार्गदर्शन में छात्रों ने किसानों को अजोला उत्पादन तकनीक, उपयोग तथा लाभ से अवगत कराया। इस दौरान सरपंच लोकेश गंगवीर, योगेंद्र वैष्णव आदि मौजूद थे।

### ओबीसी आरक्षण का स्वागत

**डोंगरगढ़।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्था में ओबीसी के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण करने के प्रस्ताव का पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रामकृष्ण कन्नौजिया ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राजनीति में पिछड़ा वर्ग के लोगों को जोड़ने का सार्थक प्रयास किया गया है।



### लापरवाही की हो जांच

**डोंगरगढ़।** क्वांर नवरात्रि के दौरान प्रशासन, ट्रस्ट समिति और पालिका द्वारा दर्षनार्थियों के लिए व्यवस्था, सुरक्षा एवं मनोरंजन की व्यवस्था पर अग्रवाल समाज के प्रमुख केशव अग्रवाल ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि पंचमी को भगदड़ के कारण एक महिला की मौत हो गई थी। सुरक्षा में लापरवाही की अनदेखी करते हुए दुर्घटना बता दिया गया। नवरात्रि के बाद जिला प्रशासन ने समीक्षा बैठक तो लिया जिसमें जो लापरवाही उजागर हुई उस पर कार्रवाई होना चाहिए। उन्होंने मीना बाजार, सकरी जगह में दुकान आबंटन, शासकीय एवं आवासीय परिसर से विद्युत कनेक्शन देने के मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि मीना बाजार को दोगुना जगह देकर अधिक राशि वसूल किया गया वहीं सकीर्ण मार्ग होने के बाद दुकान खुलवा दिया गया था। उन्होंने अवैध पार्किंगों में दर्शनार्थियों के साथ अभद्र व्यवहार, अधिक राशि वसूली करने की घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसा कर धार्मिक स्थल को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।

## गाढ़ी कमाई गंवा रहे गरीब और युवा

# छिंदारी जलाशय क्षेत्र में रोज लगता है जुआरियों का मजमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

क्षेत्र के एकमात्र पर्यटन स्थल छिंदारी बांध को देखने और पिकनिक मनाने बड़ी संख्या में लोग आते हैं किन्तु कुछ लोगों ने इस स्थान को अवैध कमाई का अड्डा बना लिया है। लोगों के स्वार्थ के चलते गरीब तबके सहित युवा ज्यादा कमाई के लालच में मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार छिंदारी बांध के आसपास एरिया में लोगों ने जुआ और शराबखोरी का अड्डा बना रखा है। बताया जाता है कि फड़ संचालकों द्वारा अपने ग्राहकों को अड्डा की जानकारी पहले से बता दिया जाता है ताकि उन्हे आने जाने और वाहन को छुपानें में कोई दिक्कत न हो।

ऐसा भी पता चला है कि छुईखदान से बांध तक तीन से पांच स्थानों पर उनके लोग आने जाने वालों पर नजर रखते है। इस मार्ग से गुजरने वाले और संदिग्धों की जानकारी फड़ में भेजते रहते हैं।



### रकम से लेकर खानपान का प्रबंध

ज्यादा कमाने के चक्कर में अपनी गाढ़ी कमाई गंवाने वाले ने इस संवाददाता को बताया कि मौके पर भारी भरकम ब्याज पर उधार में रकम मुहैया कराया जाता है। यहां से रकम उठाने वाले को हर दिन 10 प्रतिशत ब्याज देना होता है। यहां पान, बीड़ी, सिगरेट, चाय एवं नाश्ता का भी प्रबंध होता है जिसे बाजार मूल्य से दो से तीन गुना दाम पर दिया जाता है।

### रोज बदल रहे ठिकाने

वर्तमान में पुलिस की सतर्कता को देखते हुए जुआरी रोज ठिकाना बदल रहे है। इस खेल का मुख्य केन्द्र भुलाटोला और भेंडरा जलाशय के आसपास है। ग्रामीण क्षेत्र के सरगना ही इसे संचालित कर रहे हैं। इन लोगों को अपने गुर्गों के साथ हर दिन आते जाते देखा जा सकता है।

### अड़डे में ब्याजखोर सक्रिय

जुआ के अड़डे में कई लोग रकम के साथ मौजूद रहते है। यह लोग जुआ तो नहीं खेलते किन्तु हारने वालों को दस प्रतिशत प्रति दिन ब्याज की दर से रकम मुहैया कराते है। यह सक्रिय लोग प्रतिदिन एक से दो लाख तक जुआरियो को फाइनेंस करते है। जुआ के अड्डे में टिकरीपारा, गभरा, श्यामपुर, टेकापार, पिपरिया, भुलाटोला, कातलवाही, कुकुरमुड़ा, झुरानदी, खैरी, कुटेली सहित अन्य गांवों के लोग एकत्रित होते हैं। पता चला है कि जुए के अड्डे में प्रतिदिन सौ से डेढ़ सौ जुआरियों का जमावाड़ा लगता है। यहां एक बार में 50 हजार से एक लाख तक का दांव लगता है। इस खेल के संचालकों, दलालों और फड़ मुंशियों को रोजी के रूप में प्रति दांव दस प्रतिशत राशि देना होता है।

# बम्लेश्वरी ट्रस्ट की मांग पर ओवरब्रिज मंजूर



**डोंगरगढ़।** मां बमलेश्वरी की नगरी में बहुप्रतिक्षित वाय सेफ ओवर ब्रिज की मांग को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के विशेष प्रयासों से स्वीकृति मिली है। यहां 21 करोड की लागत से छोटी मां बम्लेश्वरी मंदिर के सामने ओवर ब्रिज बनाया जाएगा। मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि शहर की ओर जाने वाले भारी वाहन वर्तमान में नीचे मंदिर के सामने से होते हुए पुराने कॉलेज ओवरब्रिज से होकर गुजरते हैं। इस मार्ग पर दर्शनार्थियों का आवागमन निरंतर रहता है जिससे दुर्घटना की आशंका रहती है। अंडर ब्रिज में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होने एवं दूसरा विकल्प न होने के कारण सभी वाहनों को नीचे मंदिर के सामने से होकर शहर की ओर जाना पड़ता है। वर्तमान ट्रस्ट मंडल अपने गठन के बाद से वाय शेप ओवर ब्रिज निर्माण हेतु प्रयास कर रहा था। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के प्रयासों से 21 करोड की लागत से वाय शेप ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति देकर शासन ने डोंगरगढ़ की जनता एवं तीर्थ यात्रियों को दीपावली का बड़ा उपहार दिया है। वाय शेप ओवरब्रिज के स्वीकृत होने पर श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने विस अध्यक्ष डां रमनसिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, लोक निर्माण मंत्री अरूण साव एवं सांसद संतोष पांडेय का आभार व्यक्त किया है।

### बाजार क्षेत्र में अफसरों ने किया पैदल मार्च



**डोंगरगढ़।** दीपावली को मद्देनजर रखते हुए अधिकारियों के निर्देशानुसार क्षेत्र में लगातार गस्त कर अवैध गतिविधियों, संदिग्ध व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखकर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी कड़ी में 28 अक्टूबर को एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, एसडीओपी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पैदल पेट्रोलिंग किया। मार्गो में खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। लोगों व दुकानदारो को सुरक्षा उपायों का पालन करने के निर्देश दिया गया। बाजार आने जाने के मुख्य मार्गो पर भारी वाहनों को जाने से प्रतिबंधित किया गया है, जिससे लोगों को खरीददारी में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

# धनतेरस पर खरीदी करने बाजार में उमड़ी भीड़

## लोगों ने खरीदी नेंग की चीजें, नहीं दिखा बड़ा व्यवसाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धनतेरस के दिन मंगलवार को सराफा और बर्तन बाजार में लोगों ने जमकर खरीददारी की।

अधिकांश ग्राहकों ने सिक्के, लक्ष्मी जी की मूर्तियां, कांसे के बर्तनों जैसी नेंग की चीजें खरीदी। हांलाकि अपेक्षाकृत लम्बा चौड़ा कारोबार देखने को नहीं मिला। जिसकी मुख्य वजह खेती किसानी को माना जा रहा है। दूसरी तरफ कपड़ा बाजार में भारी रौनक देखने को मिली। स्थानीय सराफा बाजार में धनतेरस की रात तक ग्राहकों की भीड़ देखी गई। सराफा बाजार की दुकानों में अपरान्ह से देहातों के ग्राहकों का आने का सिलसिला शुरू हो चुका था जो शाम तक चलते रहा। सराफा सूत्रों के मुताबिक दीवाली के धनतेरस में शुभ माने जाने वाले चांदी के सिक्के, लक्ष्मी जी की मूर्तियां जैसी पूजा पाठ व नेंग की वस्तुएं ज्यादा खरीदी गई। चांदी के जेवरातों में पायल, लच्छे आदि ऐसे लोगों द्वारा खरीदे गए जिनके पास खींचतान के अतिरिक्त पैसे बचे थे। नगर के सराफा विक्रेताओं ने बताया अभी धान तथा गन्ना की कटाई नहीं हुई है इसलिए किसानो के हांथ तंग है यही वजह है कि धनतेरस में सोने की खरीदी नाम मात्र की हुई है। स्थानीय नागरिक व छोटे मोटे व्यापारी रात को खरीदी में निकले हैं। आज सराफा बाजार में लम्बा चौड़ा दीवाली का कारोबार देखने को नहीं मिला। यही नजारा बर्तन बाजार में देखने को मिला। बर्तन की दुकानों में एक दम जरूरी व शुभ माने जाने वाले कांसे के बर्तनों की खरीदी हुई। इसके अलावा धातु के पूजन पात्रों की खरीदी हुई। बर्तन बाजार का भी व्यवसाय औसतन डगमगाया हुआ दिखाई दिया। कुल मिलाकर धनतेरस में नया सामान खरीदने की औपचारिकता निभाई गई।

- सराफा, बर्तन तथा कपड़ा दुकानो में दिखी ज्यादा भीड़

### पूर्व मुख्यमंत्री ने किया युवाओं से मुलाकात

**चिचोला।** नागपुर जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाईवे चौपाटी चिरचारी में युवा कांग्रेस अध्यक्ष विनोद मंडलोई सहित युवाओं से मुलाकात किया। कार्यकर्ताओं ने दक्षिण रायपुर से प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस आकाश शर्मा को प्रत्याशी बनाने पर आभार व्यक्त किया। युवाओं ने बताया कि हर त्यौहार के पहले किसानों के खाते में राशि जमा करने से बाजार में तेजी आती थी और व्यापारियो में खुशी का माहौल रहता था किन्तु वर्तमान में बाजार सूना दिखाई दे रहा है।किसानों में दिवाली को लेकर उत्साह नहीं है। इस दौरान किरण मानिकपुरी, शेख इमामुदीन, गिरधर जांगड़े, प्रिंस अग्रवाल, लक्की गोस्वामी, उमेंद्र साहू, पप्पू साहू, रोहन सेन, अयूस, तोप सिंह आदि उपस्थित थे।

# छापा में 62 बोरा तेंदूपत्ता बरामद

## वन और पुलिस विभाग की कार्रवाई लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नकली बीड़ी बनाने के खुलासे के बाद वन विभाग और पुलिस लगातार छापामार कार्रवाई कर रहा है। पुलिस ने देवेन्द्र साखरे के 4 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए 62 बोरा तेंदूपत्ता की जप्त किया है। वन विभाग के अफसरो ने बताया कि 27 अक्टूबर को देवेन्द्र साखरे के घर, गोदाम में एक साथ छापा मार गया था। दो स्थान पर वन विभाग को कुछ नही मिला परंतु कारखाने में 13 बोरा और गोदाम से 49 बोरा तेंदूपत्ता बरामद किया गया। जप्त तेंदूपत्ता को मां बम्लेष्वरी तेंदूपत्ता भंडारण गोदाम में रखा गया है। उपवन मंडलाधिकारी पूर्णिमा सिंह राजपूत एवं परिक्षेत्र अधिकारी भूपेन्द्र उइके ने बताया कि जप्त तेंदूपत्ता को गोदाम में रखकर गिनती कराया जा रहा है। मानक बोरो की गिनती होने के बाद आरोपियों के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

### नकली बीड़ी बनाने का खुलासा

उल्लेखनीय है कि गत 26 अक्टूबर को पुलिस ने प्रार्थी जतिन मिरानी की उपस्थिति में छापामार कार्रवाई करते हुए नकली बीड़ी बनाने का खुलासा किया था। कार्रवाई के दौरान कई संदिग्ध सामाग्री जप्त किया गया है। वन विभाग की प्रारंभिक जांच में बीड़ी बनाने के नाम पर बडे फर्जीवाडे की पुष्टि हो रही है।

# पालक-शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के पालक-शिक्षक संघ एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन 26 अक्टूबर को संपन्न किया गया। बैठक का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने किया।

पालक शिक्षक संघ एवं आईक्यूएसी प्रभारी आभा प्रजापति ने बैठक का संचालन करते बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन, एनईपी-2020, विद्यार्थियो का संपूर्ण विकास और महाविद्यालय में होने वाले नैक के बारे में चर्चा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी, क्योंकि यह नीति विद्यार्थियों के बौद्धिक के साथ-साथ कौशल विकास में भी सहायक होगा।

प्रचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि इस सत्र में विद्यार्थियों को बहुत कुछ नया सीखना को मिलेगा, जो उनके मानसिक, सामाजिक, नैतिक विकास के साथ उसके संपूर्ण विकास में भी सहायक होगा। प्राचार्य ने महाविद्यालय में होने वाले आगामी नेक मूल्यांकन की चर्चा करते कहा कि महाविद्यालय में पालकों की सक्रिय भागीदारी से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और छात्रों का भविष्य उज्जवल बनाया जा सकता है।



शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रीति इंदौरकर ने कहा कि यह नीति विद्यार्थियों के कौशल विकास और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करता है। यूजी विभाग के सहायक प्राध्यापक धनंजय साहू ने विद्यार्थियों के लिए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा को महत्वपूर्ण बताते कहा कि इस बार सेमेस्टर परीक्षा देना होगा। जिसमें पास होने के लिए 40 अंक अर्जित करने होंगे और आंतरिक परीक्षा दो बार आयोजित की जाएगी। उन्होंने पालकों के साथ एनईपी-2020 के मुख्य बिंदु को साझा किया।

महाविद्यालय के संचालक डॉ. मनीष जैन, आशीष अग्रवाल और संजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से पालकों का आभार प्रकट करते कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारत के युवाओं को इक्कीसवीं सदी में चुनौतियों का सामना करने में सहायक होगा। बैठक में पालकों ने महाविद्यालय में सुधार हेतु अपने-अपने मत रखे और आगामी नेक मूल्यांकन के लिए सुझाव भी दिया गया। बैठक के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

## निधन

### कृपाराम चन्द्रवंशी

**तुमड़ीबोड़।** डोंगरगांव ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम तिलईरवार निवासी कृपाराम चन्द्रवंशी का गत 27 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। श्री चन्द्रवंशी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082












## खबर संक्षेप




### संस्कार सिटी कॉलेज में मनाया गया दीपोत्सव

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला राजनांदगांव में 26 अक्टूबर को दीप उत्सव का आयोजन किया गया। दिवाली अवसर पर महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों को दीया बनाने तथा सजाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा द्वारा महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, ऑफिस स्टाफ प्रशिक्षणार्थियों को दीपावली सुरक्षित रूप से मनाने संदेश देते दीपावली की शुभकामनाएं दी गई।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ



**राजनांदगांव।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। सभी ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इसके साथ ही जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून का पालन करने की सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### दीये का उपयोग करने करें प्रोत्साहित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये विक्रय हेतु आने वाले कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में विक्रय के लिए लाया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्र में मिट्टी के दिए विक्रय हेतु आने वाले कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों से किसी प्रकार की कर वसूली नहीं करने तथा आमजनों को मिट्टी के दीये उपयोग करने प्रोत्साहित करने कहा है।

## राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए करें कार्य : कलेक्टर

# अग्रवाल-पारख ने रन फॉर यूनिटी दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### बच्चे, युवाओं एवं नागरिकों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस पर मंगलवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं मुख्य अतिथि खूबचंद पारख ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरवपथ राजनांदगांव में रन फॉर यूनिटी के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उत्साह के साथ बच्चे, युवा, खिलाड़ियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने दौड़ लगाई। सरदार वल्लभ भाई पटेल अमर रहे तथा राष्ट्रीय एकता दिवस अमर रहे के उद्घोष के साथ रन फॉर यूनिटी प्रारंभ की गई। रन फॉर यूनिटी अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरवपथ से प्रारंभ होकर भदौरिया चौक से होते हुए दिग्विजय स्टेडियम होते हुए वापस अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ में समाप्त हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर एवं मुख्य अतिथि ने पटेल के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, ईडीएम सौरभ मिश्रा, सहायक संचालक खेल एक्का सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि, बच्चे, युवा, खिलाड़ियों, अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### देश को एक बनाकर रखना है

मुख्य अतिथि खूबचंद पारख ने कहा कि दीपावली के दृष्टिगत दो दिन पहले राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का आग्रह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। उन्होंने कहा कि पटेल इरादे में दृढ़ थे, निर्णय लेने में संकोच नहीं था तथा बिगड़ते काम को बना देते थे। देश के सभी रियासतों को एकीकृत कर भारत निर्माण का कार्य उन्होंने किया। हम सभी को देश को एक बनाकर रखना है तथा हमारे लिए देश प्रथम होना चाहिए। पटेल की जीवनी से सभी को अवगत होना चाहिए तथा उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति को जानना चाहिए। उन्होंने सभी को राष्ट्र की सुरक्षा, एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने संकल्प दिलाई।

### पटेल ने देश के एकीकरण में योगदान दिया

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि पटेल ने देश के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने देश के आजादी की लड़ाई में भाग लिया। उन्होंने देश के 565 रियासतों का विलीनीकरण किया तथा एकीकृत भारत के निर्माण में महती भूमिका निभाई, इसलिए उन्हें लौह पुरूष कहा जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने निःस्वार्थ भाव से राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता तथा देश के विकास के लिए अपना योगदान दिया। आज का यह अवसर पर उन्हें स्मरण करने तथा उनके विचारों का अनुकरण करने का दिन है। उन्होंने सभी से आह्वान करते कहा कि राष्ट्र को सर्वोपरि मानते कार्य करें तथा देश के विकास के लिए अपना योगदान देने हेतु प्रयत्न करें।

# दीपावली के ब्रह्ममुहूर्त में शहर के चौक चौराहों किए जाएंगे मिट्टी के दीए से रौशन

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी नगरी अपने संस्कारप्रियता के लिए जानी जाती है। संस्कारधानी सनातन धर्मसेवा परिवार के सेवा प्रमुख राकेश ठाकुर अधिवक्ता ने समस्त सनातन धर्मीजनों से आह्वान किया है कि वे अपने घर आंगन, चौबारों में मिट्टी के ही दीए जलाए। उन्होंने बताया कि 500 वर्ष बाद अयोध्या में श्रीरामललाजी विराजमान हुए हैं। इससे इस बार की दीवाली में इसकी महत्ता बढ़ी हुई है। भगवान श्रीराम, रावण को मारकर 14 वर्ष बाद अयोध्या लौटे तो अयोध्यावासियों ने पूरी अयोध्या को हजारों दीप जलाकर जगमग रौशन किया था। वह समय अयोध्या में श्री रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद पुनः आया है, जिसकी हर सनातनधर्मियों को बेसब्री से इंतजार था, जिसकी उनमें अगाध खुशी बनी हुई है। इस खुशी के मौके पर उन्होंने शहर के विशेष चौक - चौराहों में दीपावली के दिन ब्रह्म मुहूर्त में मिट्टी के दीए जला कर वातावरण को आलोकित करने का निश्चय किया है। इसके लिए उक्त चौक - चौराहे के आसपास की महिलाओं से सहयोग लिए जाने की बात कही है। यह प्रयोग संस्कारधानी नगरी के लिए निश्चित ही नया व अनूठा होगा।

**दीवाली पर लोगों से मिट्टी के दीए जलाने का आह्वान**

सनातन धर्म सेवा परिवार के सेवा प्रमुख श्री ठाकुर ने कहा कि लोग दीपावली में दीए जलाने के लिए मिट्टी के दीए अवश्य खरीदें। इससे हमारे मिट्टी के दीए बनाने वाले कर्मकारों के हाथ मजबूत होंगे। उनके हाथों को काम मिलेगा। इस तरह छोटे कुटीर उद्योग के कार्य को बढ़ावा देकर राष्ट्र के विकास में भागीदारी निभायी जा सकती है। साथ ही उन्होंने बताया कि मिट्टी के दीए जलाने के पौराणिक एवं वैज्ञानिक महत्व है। मिट्टी के दीपक व खासकर सरसों के तेल से जले दीए से वातावरण में व्याप्त अनेकों सूक्ष्म जीवाणुओं का नाश कर के वातावरण को शुद्धता प्रदान करता है।




# जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत ने कार्यकर्ताओं के संग साल्हेवारा में सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 115वें संस्करण को साल्हेवारा में कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि अब आत्मनिर्भर भारत अभियान, एक जन अभियान बन रहा है। यह अभियान हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रहा है। जैसे इसी महीने लद्दाख के हानले में हमने एशिया की सबसे बड़ी 'इमेजिंग टेलीस्कोप मेस' का भी उद्घाटन किया है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने आत्मनिर्भर भारत बिरसामुंडा, कार्टून कैरेक्टर छोटा भीम, भारतीय संस्कृति स्वामी विवेकानंद का जिक्र किया।

साथ ही उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की उपलब्धियों को गिनाते हुए डिजिटल अरेस्ट, भारतीय संस्कृति और फिट इंडिया कैंपेन पर भी लोगों को जागरूक किया। उन्होंने देश और दुनिया में भारत के बढ़ते हुए रुतबे, लोगों की पहुंच, उन्नति, आत्मनिर्भर भारत के अभियान के तहत की गई अतुलनीय वृद्धि को रेखांकित किया।

साथ ही उन्होंने अक्टूबर में लद्दाख में 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थापित एशिया के सबसे बड़े 'इमेजिंग टेलीस्कोप मेस का भी जिक्र किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू,तीरथ चन्देल, खम्हन ताम्रकार, निजाम मंडावी, मनोज अग्रवाल, गगन अग्रवाल, प्रहलाद मरकाम, शत्रुहन, सन्तु धरमगढ़े, दशरथ पटेल, सन्तन साहू, ललित सोनी, पारासर ठाकरे, अनुज साहू सहित भाजपाई उपस्थित थे।

### मतदाताओं को प्रेरित करने जागरूकता कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम अनुसार मतदान केन्द्रों में बीएलओ एवं विहित अधिकारी द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने एवं आवश्यक संशोधन करने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के सभी कार्यालय और विभाग प्रमुखों को त्रुटि रहित मतदाता सूची का निर्माण एवं सूची में नाम जोड़ने विभिन्न विभागों के सहयोग एवं समन्वय से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

### ओसवाल लाइन में आज रंगोली प्रतियोगिता

**राजनांदगांव।** ओसवाल लाइन में 30 अक्टूबर को रंगोली स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। रंगोली स्पर्धा दीपावली पर्व पर ओसवाल लाईन में वक्रतुण्ड मित्र मंडल एवं दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समय शाम 7 बजे से है। शहरवासियों से अपील है कि उक्त रंगोली प्रदर्शनी में सहभागी बने।

## दीपावली ऑफर : कम्प्यूटर मात्र 9900 रुपए में

**बिजनेस साइट**

**राजनांदगांव।** मानव मंदिर चौक स्थित लैपटॉप-कम्प्यूटर शो-रूम एनएन कम्प्यूटर शॉप में लैपटॉप, कम्प्यूटर की खरीदी पर आज से ऑफर दिया जा रहा है। कम्प्यूटर की प्रारंभिक कीमत मात्र 9900 रुपए है। लैपटॉप की सभी विश्व स्तरीय कंपनी एचपी, डेल, लेनोवो, असुस हाजिर स्टोक में उपलब्ध है। साथ ही एचपी, कैनन, ब्रदर, एप्सन कंपनी के कलर और लेसर प्रिंटर उचित कीमत में उपलब्ध है। ऑफर की जानकारी के लिए मानव मंदिर चौक अन्नपूर्णा रेस्टारेंट के सामने स्थित एनएन लैपटॉप-कम्प्यूटर शो-रूम में संपर्क करें।



## कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

# बीमा का लाभ दिलाने की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याएं एवं शिकायतें संवेदनशीलता पूर्वक सुनी। कलेक्टर अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया।



कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### बारिश एवं आंधी के कारण धान की फसल नष्ट

जनदर्शन में राजनांदगांव के ग्राम सिंगपुर के किसान महेन्द्र कुमार मंडावी ने बारी बारिश एवं आंधी के कारण धान की फसल नष्ट होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से लाभ दिलाने आवेदन किया। परमालकसा के किसान रविलाल साहू ने अपनी कृषि भूमि का पुनः गिरदावरी कराने आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में राशन कार्ड से नाम विलोपित करने, प्राकृतिक आपदा के कारण धान फसल एवं मकान क्षति होने पर मुआवजा राशि दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, ऑनलाइन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नया राशन कार्ड बनवाने, अमृत मिशन से नल कनेक्शन जैसे विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने आवेदन प्राप्त हुए।



**नरक चतुर्दशी** एवं **दीपावली** की शुभकामनाएं

# जॉन डियर ट्रैक्टर वाजिब दाम में उपलब्ध

**आज ही लाए अपने सपनों का ट्रैक्टर जॉन डियर ट्रैक्टर**

ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™

JOHN DEERE

# टेक्नोलॉजी जो बदल दे आपकी जिंदगी

## आया है राजा!

अब नए अवतार में

नया PowerTech™ 5310 57 HP 42kW

GearPro™ 12 F+4R



GearPro™ विस्तृत गती श्रेणी

उच्च बैक अप टॉर्क

LiftPro अधिक लिफ्ट क्षमता

जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध।

जॉन डियर का वादा 5 साल की वारंटी*

TremIV

*शर्तें लागू


अधिकृत विक्रेता - **जैन मोटर्स** स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़

ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976 | अंबागढ़ चौकी 8103024569 | चिचोला | गण्डई

संपर्क :- 9977184777, 8120006476 | सर्विस :- 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप

### उग्रेन साहू का सब इंस्पेक्टर में चयन, परिजनों में भारी उत्साह



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया निवासी ग्राम बसनी उग्रेन साहू पिता नंदकुमार साहू माता गंगा बाई का चयन पोस्ट सब इंस्पेक्टर भर्ती में चयन हुआ है। जिससे परिजनों व ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। उग्रेन साहू 2018 में 655 पोस्ट वहीं 2021 में पोस्ट बढ़ाकर 975 किया गया। ग्राम बसनी निवासी उग्रेन साहू द्वारा जुलाई 2023 में फिजिकल दिलाई जिसमें उनका चयन हुआ तत्पश्चात इंटरव्यू दिलाए एयूजी स्टेप्ट 2023 में परिणाम आया वहीं सोमवार को उग्रेन साहू का चयन होने पर ग्राम बसनी सहित आसपास क्षेत्र में भारी खुशी का माहौल बना हुआ है। श्री साहू का पोस्ट सब इंस्पेक्टर में चयनित होने पर परिजनों सहित सरपंच जयराम साहू, मनोज कुमार जांगड़े, दिनेश पांडेय, ध्रुवसिंह ठाकुर, पन्नालाल साहू एवं मित्र गण ने बधाई दी।

**बैठक:** धान उपार्जन केन्द्र में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा

# कलेक्टर ने गिरदावरी कार्य के सत्यापन में प्रगति लाने दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मंगलवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में जिले में गिरदावरी कार्य का मोबाइल ऐप के माध्यम से किए जा रहे सत्यापन कार्य के प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान गिरदावरी कार्य के सत्यापन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की और इसमें प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी, सचिव च आरईओ मिलकर इस कार्य को पूरा करें। जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे से फसल धान के बोए गए रकबा तथा भूईयां साफ्टवेयर में पटवारी द्वारा गिरदावरी के आधार पर फसल धान के बोए गए रकबा का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। बैठक में जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर निर्भय साहू, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ौ, एसडीएम संदीप ठाकुर, श्रीमती गीता रायस्त, आकांक्षा नायक, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन व सुश्री हर्षलता वर्मा सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए 14 नवम्बर से शुरू होने वाली धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के लिए 15 दिन शेष है। इन बचे हुए दिनों में तैयारी पूरी कर ली जाए, उन्होंने कहा कि धान खरीदी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने सभी नोडल अधिकारी को धान खरीदी केंद्र की तैयारियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए चेक लिस्ट तैयार किया गया है, सभी अधिकारी चेकलिस्ट के आधार पर व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों की आवश्यक साफ सफाई, पहुंच मार्गों का उचित संधारण, सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक तैयारियां तथा तौलाई मशीन का सत्यापन सहित अन्य मूलभूत तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गन्ना सीजन प्रारंभ होने वाला है, इससे पूर्व पहुच मार्गो का उचित संधारण करे जिससे किसानों को समस्या नहीं हो।

### कलेक्टर ने ली अधिकारियों की समय-सीमा बैठक




कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन आवेदनों का निराकरण शिविर में नहीं हो पाया है, उन आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसके साथ ही ग्रामवासियों द्वारा किए गए मांग जिसका निराकरण जिला स्तर पर नहीं हो सकता ऐसे आवेदनों को राज्य स्तर पर प्रेषित करें। कलेक्टर ने कहा बैगा बाहुल्य क्षेत्रों के संचालित योजना में अधिक फोकस करने की जरूरत है। बिजली, पेयजल, सड़क, आवास मूलभूत आवश्यकता है। उन्होंने क्रेडा विभाग को निर्देश दिए कि जिन घरों में बिजली की व्यवस्था नहीं है उनकी सूची तैयार करें और प्राथमिकता से सौर पैनल से विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने इन क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था के लिए पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन योजना, जल जीवन मिशन के तहत हैंडपंप खनन सहित राज्य शासन की प्राथमिकता वाली महतारी वंदन योजना, प्रभु श्री रामलला दर्शन योजना सहित जल शक्ति अभियान कैच द रैन के अंतर्गत मिशन जल रक्षा जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बनाए पूरी संरचनाओं को संधारण एवं मरम्मत कार्य के लिए अभियान की समीक्षा की।



# चाइल्ड केयर चैंपियन अवार्ड से छत्तीसगढ़ की आदिवासी महिला सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय देखभाल व सहायता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में चाइल्ड केयर चैंपियन अवार्ड से पोषण महिला कार्यकर्ता श्रीमती धानबाई मरकाम को सम्मानित किया गया। फुलवारी कार्यक्रम की कार्यकर्ता श्रीमती धानबाई मरकाम बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक की आदिवासी बाहुल्य करपीहा गांव की रहने वाली है। जो विगत 15 वर्षों से पोषण महिला कार्यकर्ता के रुप में कार्य कर रही है। चाइल्ड केयर चैंपियन अवार्ड के लिए भारत के कई राज्यों से विभिन्न संस्था, संगठन एवं पंचायतीराज संस्थाओं के सदस्य शामिल थे, जमीनी स्तर पर जिन्होनें पोषण व बच्चों के लिए आदर्श उदाहरणों को स्थापित करने वाले कार्य किए, ऐसे उत्कृष्ट लोगों को नामित किया गया था। जिसमें एक नाम जन स्वास्थ्य सहयोग, गनियारी संस्था की पोषण महिला कार्यकर्ता श्रीमती धानबाई मरकाम का रहा। जिन्हें चाइल्ड केयर चैंपियन अवार्ड के लिए चयनित किया गया, यह अवार्ड धानबाई मरकाम के लिए ही नहीं बल्कि संस्था सहित समूचे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। गौरतलब हो कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था भारत में गैर लाभकारी-स्वैच्छिक संस्था है, जो छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के दुर्गम पहुंच विहीन क्षेत्रों में विगत 24 वर्षों से लोगों के स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका इत्यादि में गुणात्मक सुधार के उद्देश्यों से कार्य कर रही है। संस्था द्वारा ग्रामीण स्तर पर ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम सब हेल्थ सेंटर एवं सामुदायिक स्तर पर प्रशिक्षित कार्यकर्ता, गनियारी स्थिति आधारभूत अस्पताल विशेषज्ञ सेवाएं, प्रयोगशाला, शल्य चिकित्सा जैसे सुविधा प्रदान करता है। छत्तीसगढ़ एवं पूर्वी मध्यप्रदेश से लगभग तीन हजार से अधिक गांव के लोग अपनी स्वास्थ्य समस्या के लिए परामर्श, स्वास्थ्य लाभ व निदान के लिए आते हैं। संस्था छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, राज्यों की विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं को स्वास्थ्य, पोषण आदि मुद्दों पर प्रशिक्षित करने का कार्य भी करती है। संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण कार्यक्रम संचालित किया जाता है, जिसे फुलवारी कहते हैं। जिसमें 6 माह से 3 साल तक के बच्चों को 7 से 8 घंटे केन्द्र में रखकर बच्चों की देखभाल संतुलित आहार, खेल गतिविधियां, साफ सफाई स्वास्थ्य एवं प्राथमिक जरुरत को पूर्ण की जाती है। फुलवारी कार्यक्रम की पोषण कार्यक्रम आदिवासी महिला श्रीमती धानबाई को राष्ट्रीय अवार्ड मिलने पर उन्हें कई सामाजिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिष्ठित प्रबुद्धजनों ने बधाई दी। वहीं कवर्धा एवं आदिवासी समाज के साथ विभिन्न इष्टमित्रों तथा परिजनों ने भी श्रीमती धानबाई मरकाम को शुभकामनाएं दी।

# कैट व चेम्बर ने साफ सफाई संदेश देने चलाया अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट द्वारा दीवाली के पूर्व बाजारों में साफ सफाई रखने के संदेश के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान श्री गुरुनानक गेट से नवीन बाजार तक चलाया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

इस अभियान में कवर्धा शहर में चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ सभी व्यापारी बंधु, नेहरू युवा केंद्र, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, हरितिमा टीम, कृषि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपना समर्थन और सहयोग प्रदान किया। इस अभियान के बारे में बताते हुए कैट के जिला प्रभारी एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष आकाश आहूजा ने बताया कि मेरा भारत मेरी दीवाली अंतर्गत दिवाली विथ माई भारत के नाम से राष्ट्रीय स्तर में 500 से ज्यादा स्थानों पर कैट के माध्यम से व्यापारियों को जोड़कर अभियान चलाया जा रहा है।

आकाश आहूजा ने कहा कि जैसे हम अपने घरों और दुकानों को साफ सुथरा रखते है वैसे ही बाजार स्थल में भी साफ सफाई रखना भी अत्यंत आवश्यक है। घर दुकान के अलावा बाजार और शहर साफ रखने कि जवाबदारी हम सभी की है और इस सफाई में सभी यदि ध्यान दें तो शहर भी स्वच्छ और सुंदर लगेगा साथ ही हम जहां व्यवसाय करते है वहां भी आने जाने वाले लोगों को अच्छा महसूस होगा इसलिए सफाई कि ओर सभी व्यापारियों और आम नागरिकों को थोड़ा चिंतन करने की आवश्यकता है इसी संदेश और उद्देश्य के साथ यह सफाई अभियान चलाया गया, इस दौरान गणमान्य नागरिक सहित सैकड़ों की संख्या में व्यापारी बंधु गण उपस्थित थें।

# पालक-शिक्षक संघ की बैठक आयोजित




**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के पालक-शिक्षक संघ एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन 26 अक्टूबर को संपन्न किया गया। बैठक का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने किया।

पालक शिक्षक संघ एवं आईक्यूएसी प्रभारी आभा प्रजापति ने बैठक का संचालन करते बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन, एनईपी-2020, विद्यार्थियो का संपूर्ण विकास और महाविद्यालय में होने वाले नैक के बारे में चर्चा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी, क्योंकि यह नीति विद्यार्थियों के बौद्धिक के साथ-साथ कौशल विकास में भी सहायक होगा।

प्रचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि इस सत्र में विद्यार्थियों को बहुत कुछ नया सीखना को मिलेगा, जो उनके मानसिक, सामाजिक, नैतिक विकास के साथ उसके संपूर्ण विकास में भी सहायक होगा। प्राचार्य ने महाविद्यालय में होने वाले आगामी नेक मूल्यांकन की चर्चा करते कहा कि महाविद्यालय में पालकों की सक्रिय भागीदारी से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और छात्रों का भविष्य उज्जवल बनाया जा सकता है।

शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रीति इंदौरकर ने कहा कि यह नीति विद्यार्थियों के कौशल विकास और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करता है। यूजी विभाग के सहायक प्राध्यापक धनंजय साहू ने विद्यार्थियों के लिए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा को महत्वपूर्ण बताते कहा कि इस बार सेमेस्टर परीक्षा देना होगा। जिसमें पास होने के लिए 40 अंक अर्जित करने होंगे और आंतरिक परीक्षा दो बार आयोजित की जाएगी। उन्होंने पालकों के साथ एनईपी-2020 के मुख्य बिंदु को साझा किया।

महाविद्यालय के संचालक डॉ. मनीष जैन, आशीष अग्रवाल और संजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से पालकों का आभार प्रकट करते कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारत के युवाओं को इक्कीसवीं सदी में चुनौतियों का सामना करने में सहायक होगा। बैठक में पालकों ने महाविद्यालय में सुधार हेतु अपने-अपने मत रखे और आगामी नेक मूल्यांकन के लिए सुझाव भी दिया गया। बैठक के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

### पेण्ड्रीकला में मतदाता सूची का किया गया प्रकाशन



**हरिभूमि कोलेगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 01 जनवरी 2025 की स्थिति में मंगलवार को मतदान केंद्र क्रमांक-190 मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला में प्रकाशन कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन एवं विलोपन हेतु फार्म 06, 07 व 08 के बारे में जानकारी दी गई तथा पंचनामा तैयार किया गया। जिसमें मतदान केंद्र-190 के अभिहित अधिकारी बैजनाथ चंद्राकर, बीएलओ श्रीमती बिंदा बंजारे एवं उपस्थित सदस्य पंच राजूराम लहरे, आशुतोष चंद्राकर, धनराज यादव, सुखनंदन यादव, बलराम चंद्रवंशी, प्यारेलाल कश्यप, मनोज गुप्ता, कन्हैया चंद्रवंशी, श्रीमती मीना चंद्रवंशी, श्रीमती शांति चंद्रवंशी, नरेश चंद्रवंशी, शेखर चंद्रवंशी, दीपचंद कोशले, कन्हैया चंद्रवंशी, प्रकाश यादव, श्रीमती मानकी यादव उपस्थित थे।







**विजेता प्रतिभागीयों को पुरस्कृत किया गया**

# कन्या शाला में कक्षा सजावट व कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

नगर के शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक शाला पंडरिया में दीपावली अवकाश से पूर्व कक्षा में सजावट व कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1501, 1001, 701 तथा 201 रुपए का नगद पुरस्कार तथा पूर्व माध्यमिक स्तर पर 501, 301, 201 रुपए का नगद पुरस्कार दिया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने-अपने कक्षाओं को हाथ से बनाए गए चार्ट, फ्लावर, झालर-झूमर आदि से सजाया एवं स्वच्छता, मतदान जागरूकता, शिक्षा व सुविचार आदि से संबंधित कक्षा में सुंदर पेंटिंग भी बनाए।

इस प्रतियोगिता निर्णायक मंडल अध्यक्ष गजपाल साहू ने छात्राओं की रचनात्मक कौशल की प्रशंसा की एवं जनपद उपाध्यक्ष तुलस कश्यप ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कक्षा 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओ को महाविद्यालय की शिक्षा हेतु उनके द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

इस दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिक कुलदीप सिंह छाबड़ा, अधिवक्ता चंद्रकुमार सोनी, भास्कर देवांगन, गुरनाम छाबड़ा, श्रीमती मीनू छाबड़ा एवं श्रीमती पुष्प लता राज ने छात्राओं के प्रयास की भरपूर सराहना की। वहीं सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती शैल बिसेन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं को टीम भावना के साथ-साथ बेहतर से बेहतर कलात्मक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान संस्था की प्राचार्य श्रीमती एनके एक्का ने छात्राओं के सराहनीय प्रयास के लिए बधाई दी।



## खबर संक्षेप

### कृषि छात्रों की किसानों के साथ नई पहल

**कवर्धा।** संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कवर्धा के चतुर्थ वर्ष के छात्रों द्वारा राचे कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम बदराडीह और महाराजपुर में किसानों को कीट प्रबंधन में फेरोमोन ट्रेप और पैलो स्ट्रीकी ट्रेप के बारे में जानकारी दी गई। जिससे कीटो को समय से फाले नियंत्रित किया जा सके और साथ ही साथ मटका खाद तैयार किया गया, जिससे उत्पादन में वृद्धि हों सके, डा. निवेदिता शाह, (कीट प्रबंधन की प्राध्यापिका) के मार्गदर्शन में कार्य संपन्न हुआ जिसमें गांव के अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### दीया विक्रेताओं से नहीं वसूला जाएगा कर:डीएम

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने एक आदेश जारी कर जिले के बाजार में मिट्टी के दीया बेंचने आने वाले कुम्हारों तथा ग्रामीणों से किसी प्रकार का कर नहीं वसूलने कहा है। श्री वर्मा ने जारी आदेश में कहा है कि दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाए जाते हैं तथा इन्हे बाजारों में विक्रय किया जाता है। उन्होने कहा है कि इन विक्रेताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जावे। नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्र में इनसे किसी प्रकार की कर की वसूली न की जाए साथ ही आमजन को दीये के उपयोग के लिए प्रोत्साहित भी किया जाए।

**मौसम:** करीब घंटे भर की बेमौसम बारिश व आंधी से धान सहित अन्य फसल प्रभावित

# पंडरिया के वनांचल क्षेत्र में बेमौसम बारिश ने बढ़ाई टेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते कुछ दिनो से कवर्धा सहित अंचल के मौसम में मची उथल पुथल के बीच एन दीपावली त्यौहार के पूर्व विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल क्षेत्रों में मंगलवार को जोरदार बेमौसम बारिश देखने को मिली। हालांकि बेमौसम बारिश का सितम सिर्फ पंडरिया क्षेत्र में ही देखने को मिला जबकि कवर्धा, सहित स.लोहारा तथा बोड़ला क्षेत्र सूखा रहा।

इन ईलाकों के आसमान में बदली जरूर देखने को मिली। पंडरिया क्षेत्र में हुई इस बेमौसम बारिश से जहां ग्रामीण अंचलों में लोगों द्वारा अपने कच्चे मकानो में की गई रंगाई, पुताई, लिपाई तथा छपाई जैसे कार्यो में पानी फिर गया वहीं इसका धान की फसल पर विपरीत प्रभाव देखने को मिला। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा सहित जिले के विकासखण्ड पंडरिया, बोड़ला तथा स. लोहारा क्षेत्र में बीते कुछ दिनो से मौसम का मिजाज बदला-बदला सा नजर आ रहा है। सुबह से आसमान में बदली छाई रहती है और सुबह सूर्योदय के पूर्व तथा शाम को सूर्यास्त के बाद हल्की ठंड भी महसूस की जा रही है। मौसम में देखे जा रहे इसी बदलाव के बीच मंगलवार को पंडरिया के वनांचल क्षेत्र का मौसम अचानक बदल गया और अंचल के कुई, कुकदुर, कामठी, नेउर, दमगढ, महिडबरा, घोघरा, बदना, सेदुरखार, रुखमीदादार, कांदावानी, पंडरीपानी, अमनियां, पोलमी, पुटपुटा, देवसरा, बकेला, तारेगावा सहित अन्य ग्रामों में दोपहर दो बजे से तेज़ बारिश शुरू हो गई। क्षेत्रवासियों की माने तो करीब घंटे पर यहां तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई जिससे खतों में खड़ी पकी पकाई धान की पसल सो गई। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर बाद से ही क्षेत्र में रूक रूककर बूंदा बांदी हो रही है। क्षेत्र के किसान रमेश मरावी, योगेश कुमार, कार्तिक मरकाम आदि ने बताया कि इस मौसम में बारिश से धान की फसल प्रभावित हुई है।



#### किसानो में गहराई चिंता

गौरतलब है कि इस समय किसानों के खेतों में धान की फसल खड़ी है जो पककर तैयार भी हो चुकी है। शासन के निर्देश के अनुसार समर्थन मूल्य में धान की खरीदी 15 नवम्बर से शुरू की जाएगी। यही वजह है कि किसानो ने अभी धान की कटाई नहीं की है। इसी प्रकार क्षेत्र के किसानो द्वारा इस समय चना, सरसों सहित अन्य दलहन फसलें भी ली जा रही है। ऐसे में किसानो में इस बात की चिंता गहरा रही है कि अगर आगे भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहता है और बेमौसम बारिश होती है तो उन्हें अच्छा खासा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# सुख-समृद्धि की कामना के साथ धनतेरस में विराजी मां लक्ष्मी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा तथा क्षेत्र की परम्परा के अनुसार धनतेरस के रोज मंगलवार को नगर के विभिन्न चौक चौहारों से लेकर ग्रामीण अंचलों में मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रतिमाएं स्थापित की गई।

उल्लेखनीय है कि वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वाहन करते हुए नगरवासी दीपावली के मौके पर अपने-अपने क्षेत्रों में आकर्षक पण्डाल बनाकर सुख समृद्धी की कामना के साथ मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करते है।

इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी नगर के दर्री पारा, राधाकृष्ण वार्ड, नामदेव पारा, कचहरी पारा, यूनियन चौक, ठाकुर पारा सहित विभिन्न स्थानों पर पण्डाल बनाकर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई। धनतेरस के रोज स्थापित इन प्रतिमाओं का दीपावली के दूसरे रोज हवन पूजन के बाद शोभा यात्रा निकालकर विसर्जन किया जायेगा।

यहां बताना लाजमी होगा कि जिस तरह गणेश चतुर्थी, नवरात्र तथा विश्वकर्मा जयंती पर विभिन्न समितियों द्वारा भगवान गणेश, मां दुर्गा तथा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं वहीं बीते कुछ वर्षो से कई लक्ष्मी उत्सव समितियों द्वारा भी धनतेरस पर बकायदा पण्डाल बनाकर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की जाने लगी है।

नगर में तीन दिनो तक चलने वाले इस लक्ष्मी उत्सव को लेकर करीब दर्जन भर से अधिक स्थानों पर मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित की गई है।

# धनतेरस पर खरीदी करने बाजार में उमड़ी भीड़

## लोगों ने खरीदी नेंग की चीजें, नहीं दिखा बड़ा व्यवसाय



- सराफा, बर्तन तथा कपड़ा दुकानो में दिखी ज्यादा भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धनतेरस के दिन मंगलवार को सराफा और बर्तन बाजार में लोगों ने जमकर खरीददारी की।

अधिकांश ग्राहकों ने सिक्के, लक्ष्मी जी की मूर्तियां, कांसे के बर्तनों जैसी नेंग की चीजें खरीदी। हांलाकि अपेक्षाकृत लम्बा चौड़ा कारोबार देखने को नहीं मिला। जिसकी मुख्य वजह खेती किसानी को माना जा रहा है। दूसरी तरफ कपड़ा बाजार में भारी रौनक देखने को मिली। स्थानीय सराफा बाजार में धनतेरस की रात तक ग्राहकों की भीड़ देखी गई। सराफा बाजार की दुकानों में अपरान्ह से देहातों के ग्राहकों का आने का सिलसिला शुरू हो चुका था जो शाम तक चलते रहा। सराफा सूत्रों के मुताबिक दीवाली के धनतेरस में शुभ माने जाने वाले चांदी के सिक्के, लक्ष्मी जी की मूर्तियां जैसी पूजा पाठ व नेंग की वस्तुएं ज्यादा खरीदी गई। चांदी के जेवरातों में पायल, लच्छे आदि ऐसे लोगों द्वारा खरीदे गए जिनके पास खींचतान के अतिरिक्त पैसे बचे थे। नगर के सराफा विक्रेताओं ने बताया अभी धान तथा गन्ना की कटाई नहीं हुई है इसलिए किसानो के हांथ तंग है यही वजह है कि धनतेरस में सोने की खरीदी नाम मात्र की हुई है। स्थानीय नागरिक व छोटे मोटे व्यापारी रात को खरीदी में निकले हैं। आज सराफा बाजार में लम्बा चौड़ा दीवाली का कारोबार देखने को नहीं मिला। यही नजारा बर्तन बाजार में देखने को मिला। बर्तन की दुकानों में एक दम जरूरी व शुभ माने जाने वाले कांसे के बर्तनों की खरीदी हुई। इसके अलावा धातु के पूजन पात्रों की खरीदी हुई। बर्तन बाजार का भी व्यवसाय औसतन डगमगाया हुआ दिखाई दिया। कुल मिलाकर धनतेरस में नया सामान खरीदने की औपचारिकता निभाई गई।

# जिले के ओपन क्रू व टीम ने मनाया 34 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर के शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ से संबंधित जिले के एकमात्र ओपन क्रू व टीम भोरमदेव ओपन रोवर क्रू (स्काउट दल) एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम (गाइड टीम) कवर्धा ने अपना 34 वां स्थापना दिवस केक काटकर मनाया। इस अवसर पर रोवर रेंजर ने लोगों से दीपावली त्यौहार में फूटने वाले फटाको से होने वाली ध्वनि प्रदुषण एवं पर्यावरण प्रदुषण से अवगत करते हुये पोस्टर, बैनर के माध्यम अपील किया गया। रोवर लीडर विजय कुमार साहू ने बताया कि दिवाली में इन बातों का रखें ध्यान रखें की खुली स्थानों पर पटाखे फोड़े, धुएं और अधिक आवाज वाले पटाखे से परहेज करें, बच्चों को अकेले पटाखे जलाने के लिए ना भेजें, बच्चों का विशेष ध्यान रखें, जमीन पर और दूर रखकर पटाखों में आग लगाएं और वहां दूर हो जाएं, पूरी तरह शरीर को ढकने वाले कपड़े पहने, पटाखों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए चश्मे का इस्तेमाल करें, छोटे बच्चों के आसपास तेज आवाज और अधिक धुएं वाले पटाखे ना फोड़ें, जल जाने पर खुद से इलाज ना करें तुरंत अपने डॉक्टर से मिले, जेब में पटाखे बिल्कुल ना रखें, बुजुर्गों का रखें ख्याल। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अजय चंद्रवंशी ने बताया कि 18 अक्टूबर 1989 को भोरमदेव ओपन रोवर क्रू (स्काउट दल) की स्थापना स्व. युएल दिनकर के मार्गदर्शन में भोरमदेव मंदिर परिसर में किया गया, जिसके प्रथम लीडर राकेश गुप्ता थे। जिनके साथ राजेश दिनकर, सतीश जैन, अवधेश श्रीवास्तव, छबेंन्द्र गुप्ता, ललित वर्मा, सुजीत कुमार गुप्ता, अनिल केशरवानी, रमेश धवालकर, किशन साहू, पारस वैष्णव, सतीश तिवारी, प्रशांत फडऩवीस, ओम यदु एवं अन्य साथियों ने मिलकर इस स्काउटिंग को आगे बढ़ाने के लिए रोवरिंग की स्थापना की. रोवर क्रू के साथ मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम की स्थापना मंजू जैन, नीता झा, रश्मि चावला, पिंकी शर्मा, कल्पना फडऩवीस, नीलिमा शर्मा के समूह से की। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अजय चंद्रवंशी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) सुजीत कुमार गुप्ता, प्राचार्य लोकनाथ देवांगन, रेंजर लीडर सोनाली चंद्रवंशी, सहायक रोवर लीडर प्रिय प्रकाश साहू एवं रोवर रेंजर उपस्थित थे।



# 31 अक्टूबर को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द स.लोहारा में

- अंचल के कई धार्मिक कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामि श्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज का गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा पश्चात छत्तीसगढ़ आगमन हुआ है।



इसी कड़ीर में शंकराचार्य 31 अक्टूबर गुरुवार को दीपावली के पावन अवसर पर लक्ष्मी पूजन के दिन सलधा से 09.00 बजे प्रस्थान कर साजा, बिडोरा, सिल्हाटी होते हुए सुबह 10.00 बजे सहसपुर लोहारा में शंकराचार्य के कृपापात्र शिष्य पण्डित देव दत्त दुबे के निज निवास श्री गुरुकूपा प्रसादम् में शंकराचार्य स्वामिः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती महाराज का दिव्य मंगलमय पदार्पण हो रहा है।

जहां समस्त राजपुरोहीत दुबे परिवार शंकराचार्य का पादुका पूजन करेंगे। समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को शंकराचार्य जका दर्शन शुलभ होगा। श्री गुरुकृपा प्रसादम् में पादुका पूजन पश्चात शंकराचार्य10.30 बजे राजमहल जाएंगे। जहां राजा खड्गराज सिंह परिवार सहित पादुका पूजन करेंगे, पादुका पूजन पश्चात शंकराचार्य कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे, कवर्धा में ज्योतिर्मठ के मीडिया प्रभारी अशोक साहू के निवास आविमुक्तनगर में 11.00 बजे पादुका पूजन पश्चात धर्मनगरी कवर्धा के झंडा चौक पहुंचेंगे।

जहां नगरवासियों के द्वारा शंकराचार्य का स्वागत किया जायेगा। झंडा चौक से शंकराचार्य 12.00 बजे ज्योतिर्मठ के सीईओ चन्द्रप्रकाश उपाध्याय के निवास श्री शंकरा भवनम् शांतीदीप कालोनी पहुंचेंगे, जहां दर्शन पश्चात दीपावली के अवसर पर शंकराचार्य अहोरात्र श्री लक्ष्मी पूजन करेंगे, आम लोगों को शंकराचार्य के दर्शन सुलभ रहेंगे।

# अच्छी ठंड की आस में सजा गर्म कपड़ों का बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में इस बार हुई भारी बारिश को देखते हुए माना जा रहा है कि शीत ऋतु में ठंड भी जोरदार पड़ेगी। जिसका अक्टूबर माह के मध्य से असर भी देखने को मिलने लगा है। हालांकि ठंड का अहसास फिलहाल मैदानी और वनांचल ईलाकों में देखने को मिल रहा है लेकिन जल्द ही शहरी क्षेत्रों में भी ठंड अपना असर दिखाने लगेगी। शीत ऋतु के इस मौसम को देखते हुए कवर्धा नगर में गर्म कपड़ों का बाजार भी सज गया है और लोगों ने शीत ऋ तु की तैयारियों के हिसाब से गर्म कपड़ों की खरीदी भी शुरू कर दी है। हालांकि अभी इन गर्म कपड़ों की दुकानो में खरीददारों की भीड़ काफी कम लेकिन दुकानदारों को उम्मीद है कि आने वाले कुछ दिनो में ठंड अपने तेवर दिखाना शुरू कर देगी और गर्म कपड़ों की मांग भी बढ़ जायेगी।

यहीं वजह कि इस बार गर्म कपड़ों के विक्रेताओं द्वारा महिला, पुरूष तथा बच्चों के लिए कई नए पेटर्न के गर्म कपड़ों का स्टाक अपनी दुकानो में सजाया है। जहां नगर की दुकानों में गर्म कपड़ों का भारी स्टाक सजाया गया है वहीं फुटपतिया गर्म कपड़ों का भी बाजार लगा हुआ है। जहां हर वर्ग के लिए कई रेंजों में गर्म कपड़ा का स्टाक सजाया गया है। बस अब दुकानदारों को अच्छे व्यवसाय का इंतजार जो आने वाले कुछ दिनो में ठंड बढऩे के साथ ही शुरू हो जायेगा।

## पुलिस ने खोज निकाले 100 नग गुम मोबाईल



**कवर्धा।** जिले के लोगों द्वारा थाना में दर्ज कराई गई मोबाईल चोरी के विभिन्न मामलों में कार्यवाही करते हुए पुलिस प्रशासन ने धनतेरस के पावन पर्व पर 100 नग मोबाईल फोन की पता तलाश कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामी को वापस लौटाया है। इन सौ नग मोबाईल की कीमत करीब 15 लाख रूपए बताई जा रही है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में बीते 6 माह में चोरी गए 385 नग मोबाईल को किया रिकव्हर किया गया है। पुलिस प्रशासन ने कहा कि गुम मोबाईल अभियान लगातार जारी रहेगा।

**सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित**

# कलेक्टर सहित अधिकारियों ने लगाई एकता की दौड़




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर आज राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता दौड़ का आयोजन किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा आज स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में आयोजित रन फॉर यूनिटी में शामिल हुए। कलेक्टर श्री वर्मा ने रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित इस दौड़ को प्रेरणादायक बताते हुए हरी झंडी दिखाई। इस आयोजन का उद्देश्य सभी को एकजुट होकर देश की प्रगति में योगदान देने और फिटनेस के महत्व को बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस इस वर्ष 29 अक्टूबर को ही मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित जिला अधिकारी, स्वामी विवेकानंद एकेडमी के छात्रों ने भी एकता दौड़ लगाई।

### लायंस क्लब ने गरीब परिवारों को दिया उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लायंस क्लब ने 29 अक्टूबर को धनतेरस के दिन 15 गरीब परिवारों को दिवाली की खुशियां देने के लिए गिफ्ट बांटे। उपहार के इस कार्टन में मिठाई का डिब्बा, नमकीन पैकेट, पॉपकॉर्न, टी शर्ट, केला-सेब, दिए-बातियाँ, तेल, रंगोली आदि रखे गए थ। लायन साथी मिलकर जब इस गरीब परिवारों और बच्चों के बीच पहुँचे और उन्होंने उपहार के कार्टन बांटे तो उनके चेहरे पर मुस्कान देखते ही बनती थी। लायंस इंटरनेशनल का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि लायन सदस्य यथासंभव पीड़ित वंचित जन को राहत पहुंचाने का समुचित प्रयास करें। कार्यक्रम के बाद लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने बताया कि लायंस इंटरनेशनल के सेवाभावी लक्ष्य के तहत ही हमने आज कुछ गरीब परिवारों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का प्रयास किया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना ने यातायात सुरक्षा का संदेश दिया, परिसर की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत सरकार द्वारा 27 से 30 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजा नवागांव में प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी सुजीत गुप्ता के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत आउटरीच माय भारत पोर्टल में वर्णित युवाओं के लिए देश सेवा एवं स्वयं के स्किल डेवलपमेंट एवं माय भारत ऐप पर पंजीयन करने संबंधी जानकारी प्रदान किया गया। इसी के साथ विद्यालय के सामने थाना के पास विभिन्न स्लोगन और नारों के माध्यम से यातायात सुरक्षा एवं दोपहिया वाहन पर सवारी करने वाले लोगों को रोक कर विभिन्न यातायात नियम जैसे लाइसेंस रखना, हेलमेट लगाना, वाहन निश्चित गति में चलाना, सड़क के बाएं और चलना, तीन सवारी यात्रा न करना इत्यादि की जानकारी दी गई। इसके पश्चात मंदिर परिसर एवं मंडी के पास आसपास की साफ सफाई स्वयं सेवकों द्वारा किया गया। विद्यालय परिसर के आसपास लगने वाले दुकानों में जाकर वहां डस्टबिन रखने संबंधी एवं दुकान से निकलने वाले कचरा का उचित व्यवस्थापन हेतु स्वयं से कौन है दुकानदारों से आग्रह किया। इस दौरान शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष जानी पटेल,जलेश्वर पाली धरम, भुवन, गीतांजलि कुर्रे सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे।

